मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# 901 801(BC)

## 2025
## हिन्दी

### केवल प्रश्न-पत्र

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के **15** मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों – खण्ड **'अ'** तथा खण्ड **'ब'** में विभाजित है ।

(iv) इस प्रश्न-पत्र के खण्ड **'अ'** में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिसमें दिये गये चार विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करके ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को अच्छी तरह रंगकर देना है ।

(v) खण्ड **'अ'** के बहुविकल्पीय प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है । बहुविकल्पीय प्रश्नों हेतु नकारात्मक अंकन की व्यवस्था नहीं है । अत: सभी प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास कीजिए ।

(vi) ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर देने के पश्चात संबंधित गोले को काटे नहीं तथा इरेजर एवं ह्वाइटनर का प्रयोग न करें ।

(vii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिये गये हैं ।

(viii) खण्ड **'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गये हैं । इसके लिए कुल **50** अंक निर्धारित हैं ।

(ix) खण्ड **'ब'** के प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखने का प्रयास कीजिए । जो प्रश्न नहीं आता हो उस पर समय नष्ट मत कीजिए ।

(x) वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर देते समय सुन्दर, स्पष्ट एवं पठनीय लेखन पर विशेष ध्यान दीजिए ।

### खण्ड – 'अ' 20

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

1. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' रचना की विधा है : 1

(A) संस्मरण (B) आत्मकथा

(C) जीवनी (D) कहानी

2. 'लिखि कागद कोरे' रचना के लेखक हैं : 1

(A) शान्तिप्रिय द्विवेदी (B) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(C) प्रभाकर माचवे (D) 'अज्ञेय'

3. रामचन्द्र शुक्ल की रचना है : 1

(A) 'त्रिवेणी' (B) 'समाज और साहित्य'

(C) 'प्रलय के पंख पर' (D) 'कालिदास की निरंकुशता'

4. हिन्दी साहित्य का प्रथम मौलिक उपन्यास माना जाता है : 1

(A) 'चित्रलेखा' (B) 'हृदय की परख'

(C) 'परीक्षा गुरु' (D) 'अन्तिम आकांक्षा'

5. शुक्लोत्तरयुगीन लेखक हैं : 1

(A) रायकृष्ण दास (B) वियोगी हरि

(C) जयशङ्कर प्रसाद (D) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी

7096502

6. 'रीतिबद्ध काव्यधारा' के कवि हैं : 1

(A) बोधा (B) घनानन्द

(C) मतिराम (D) बिहारी

7. रीतिकालीन कवियों ने काव्यभाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया : 1

(A) अवधी को (B) ब्रजभाषा को

(C) खड़ीबोली को (D) इनमें से कोई नहीं

8. छायावादयुगीन कवि हैं : 1

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) राधाकृष्ण दास (D) महादेवी वर्मा

9. 'कनुप्रिया' के रचयिता हैं : 1

(A) निराला (B) गिरिजाकुमार माथुर

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) धर्मवीर भारती

10. 'नई कविता युग' के कवि हैं : 1

(A) शमशेर बहादुर सिंह (B) केदारनाथ अग्रवाल

(C) त्रिलोचन (D) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

11. हास्य रस का स्थायीभाव है : 1

(A) हास (B) शोक
(C) रति (D) इनमें से कोई नहीं

12. 'जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना व्यक्त की जाती है' वहाँ होता है : 1

(A) रूपक अलङ्कार (B) उत्प्रेक्षा अलङ्कार
(C) उपमा अलङ्कार (D) इनमें से कोई नहीं

13. 'सोरठा' छन्द के द्वितीय चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ? 1

(A) 13 (B) 8
(C) 16 (D) इनमें से कोई नहीं

14. 'उपहार' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है : 1

(A) अप (B) अभि
(C) उप (D) इनमें से कोई नहीं

15. 'त्रिभुवन' में समास है : 1

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु
(C) कर्मधारय (D) इनमें से कोई नहीं

16. 'ओष्ठ' का तद्भव शब्द है : 1

(A) ओश्ठ (B) ऊठ
(C) ओठ (D) इनमें से कोई नहीं

17. 'युष्मद्' शब्द के सप्तमी एकवचन का रूप है : 1

(A) तव (B) त्वयि
(C) त्वत् (D) इनमें से कोई नहीं

18. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद हैं : 1

(A) आठ (B) सात
(C) छः (D) चार

19. "छात्र विद्यालय में खेलते हैं" कर्तृवाच्य वाक्य का कर्मवाच्य वाक्य होगा : 1

(A) छात्र विद्यालय में खेला करते हैं।
(B) छात्रों द्वारा विद्यालय में खेला जाता है।
(C) छात्रगण विद्यालय में खेलेंगे।
(D) इनमें से कोई नहीं

20. वे अविकारी शब्द जिनमें पुरुष, लिङ्ग, वचन, कारक आदि के कारण परिवर्तन नहीं होता, उन्हें कहा जाता है : 1

(A) संज्ञा पद (B) सर्वनाम पद
(C) अव्यय पद (D) इनमें से कोई नहीं

7096502

## खण्ड – 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

1\. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

संस्कृति अथवा सामूहिक चेतना ही हमारे देश का प्राण है । इसी नैतिक चेतना के सूत्र से हमारे नगर और ग्राम, हमारे प्रदेश और सम्प्रदाय, हमारे विभिन्न वर्ग और जातियाँ आपस में बँधी हुई हैं । जहाँ उनमें और सब तरह की विभिन्नताएँ, वहाँ उन सब में यह एकता है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) हमारे देश का प्राण क्या है ?

(iii) रेखाङ्कित अंश की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

अजन्ता संसार की चित्रकलाओं में अपना अद्वितीय स्थान रखता है । इतने प्राचीनकाल के इतने सजीव, इतने गतिमान, इतने बहुसंख्यक कथाप्राण चित्र कहीं नहीं बने । अजन्ता के चित्रों ने देश–विदेश सर्वत्र की चित्रकला को प्रभावित किया । उसका प्रभाव पूर्व के देशों की कला पर तो पड़ा ही, मध्य–पश्चिमी एशिया भी उसके कल्याणकर प्रभाव से वंचित न रह सका ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) अजन्ता किस कला के लिए अद्वितीय स्थान रखता है ?

(iii) रेखाङ्कित अंश की व्याख्या कीजिए ।

2\. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

ऊधौ मोंहि ब्रज बिसरत नाहीं ।
बृन्दावन गोकुल बन उपबन सघन कुंज की छाहीं ।।
प्रात समय माता जसुमति अरु, नंद देखि सुख पावत ।
माखन रोटी दह्यौ सजायौ, अति हित साथ खवावत ।।
गोपी ग्वाल बाल सँग खेलत, सब दिन हँसत सिरात ।
सूरदास धनि–धनि ब्रजवासी, जिनसौं हित जदुनाथ ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखाङ्कित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) श्रीकृष्ण को ब्रज क्यों नहीं भूलता है ?

**अथवा**

विश्व है असि का ?

नहीं संकल्प का है,

हर प्रलय कोण,

काया–कल्प का है,

फूल गिरते, शूल

शिर ऊँचा लिए है,

रसों के अभिमान

को नीरस किए है ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखाङ्कित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) उपर्युक्त पद्यांश का काव्य–सौन्दर्य लिखिए ।

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **3 + 2 = 5**

एषा कर्मवीराणां संस्कृतिः । 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः' इति अस्याः उद्घोषः । पूर्वं कर्म तदनन्तरं फलम् इति अस्माकं संस्कृते नियमः । इदानीं यदा वयं राष्ट्रस्य नवनिर्माणे संलग्नाः स्मः निरन्तरं कर्मकरणम् अस्माकं मुख्य कर्त्तव्यम् ।

**अथवा**

नागरिकः बहुकालं यावत् अचिन्तयत्, परं प्रहेलिकायाः उत्तरं दातुं समर्थः न अभवत्, अतः ग्रामीणम् अवदत्, अहम् अस्याः प्रहेलिकायाः उत्तरं न जानामि । इदं श्रुत्वा ग्रामीणः अकथयत्, यदि भवान् उत्तरं न जानाति, तर्हि ददातु दशरूप्यकाणि ।

4. निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक श्लोक का सन्दर्भ–सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **3 + 2 = 5**

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।

तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः ।।

**अथवा**

माता गुरुतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा ।

मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात् ।।

7096502

5. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 3

(क) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर 'आज़ाद' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के 'बलिदान' सर्ग का कथानक लिखिए।

(ख) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(घ) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर महाराणा प्रताप का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के 'पृथ्वीराज' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(ङ) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर भरत की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के 'राजभवन' सर्ग का कथानक लिखिए।

(च) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कुन्ती का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(छ) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ज) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'जय सुभाष' के तृतीय सर्ग का कथानक लिखिए।

(झ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'आयोजन' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए।

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ii) डॉ. भगवतशरण उपाध्याय

(iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iv) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) तुलसीदास

(ii) मैथिलीशरण गुप्त

(iii) महादेवी वर्मा

(iv) अशोक बाजपेयी

7. अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

8. अपनी गली/मोहल्ले की नालियों की समुचित सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए एक आवेदन–पत्र लिखिए।

70965502

. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1 = 2

(i) चन्द्रशेखरः स्वगृहं किम् अवदत् ?

(ii) कूपः किमर्थं दुःखम् अनुभवति ?

(iii) पुरुराजः केन सह युद्धम् अकरोत् ?

(iv) विद्या केन वर्धते ?

0. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 7

(i) छात्र तथा अनुशासन

(ii) सड़क सुरक्षा, जीवन–रक्षा

(iii) भारत में आतंकवाद : समस्या और समाधान

(iv) देश–प्रेम